पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का 5वाँ दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

————

लखनऊ : 29 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का 5वाँ दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ।

दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल जी ने स्नातक के 556, परास्नातक के 146 तथा शोध के 11 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। स्नातक में 122 छात्राओं तथा 434 छात्रों ने, परास्नातक में 51छात्राओं तथा 96 छात्रों ने, शोध में 06 छात्राओं और 05 छात्रों ने उपाधि प्राप्त की। राज्यपाल जी ने समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को 47 पदक वितरित किए। जिसमें 17 स्वर्ण, 15 रजत तथा 15 कांस्य पदक वितरित किये गए। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में 06 छात्राएं और 11 छात्र, रजत पदक प्राप्त करने वालों में 07 छात्राएं और 08 छात्र , कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में 03 छात्राएं और 12 मेधावी छात्र शामिल रहे । शोध में कंप्यूटर साइंस इंजीनियर –01, पेंट टेक्नोलॉजी–01, केमिकल इंजीनियर–01, रसायन विभाग–02, आयल

टेक्नोलॉजी–01, सिविल इंजीनियर–01, फूड टेक्नोलॉजी–01, गणित विभाग –01, मानविकी विभाग –01, बायो केमिकल इंजीनियर –01, कुल 11 विद्यार्थियों ने पी.एच.डी. की उपाधि हासिल की।

राज्यपाल जी ने दीक्षान्त समारोह में प्रदान की गईं सभी उपाधियों को लैपटॉप पर बटन दबाकर नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया संपन्न की। कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने दीक्षान्त समारोह में प्राथमिक विद्यालय से आए बच्चों को पठन–पाठन एवं पोषण सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल जी ने कहा कि आज की दुनिया में टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन की प्रमुख भूमिका है। इस विश्वविद्यालय ने बड़े पैमाने पर तकनीकी को अपनाया गया है और इसमें इनोवेशन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर युवाओं को अपना तकनीकी विकास करके दक्षता हासिल करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय परिवेश की विविधताओं को समझने और उसी के अनुसार सिस्टम और एप्लीकेशन डिजाइन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं छात्र–छात्राओं को कुशल बनाने और

आवश्यक दक्षता के साथ युवा कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की युवा क्षमता की सामर्थ्य पर विशेष जोर देते हुए देश और समाज की प्रगति में योगदान देने के लिए कहा।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन और एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग की तैयारी के लिए जिन मानकों को निर्धारित किया गया है वे संस्थान की गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। इसी क्रम में उन्होंने के.जी टू पी.जी शिक्षा पर भी चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा में सुधार लाना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है।

समारोह में मुख्य अतिथि आई.आई.टी. रूड़की के निदेशक, प्रो0 के.के. पंत ने अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा करते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो0 समशेर जी ने समारोह में राज्यपाल जी एवं कुलाधिपति के समक्ष विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

इस अवसर पर समारोह में स्थानीय अतिथिगण, जनप्रतिनिधि, कार्यपरिषद एवं विद्या परिषद के सदस्यगण, अधिकारी एवं शिक्षकगण तथा विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361